# कार्यालय, प्राचार्य, वीर वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,जालोर

क्रमांक–वीवीरामजा / 2019–20 / 2383 दिनांक :19.02.2019

## कार्यालय आदेश

IQAC MEETING [SESSION 2018-19]

IQAC समिति की बैठक आज दिनांक 19.02.2019 को प्राचार्य एम. एल. जांगिड की अध्यक्षता में दोपहर 1.30 बजे स्टॉफ रूम में आयोजित की जाएगी। बैठक में IQAC निम्न सदस्य आवश्यक रूप से उपस्थित रहे।

1. श्री अर्जुनसिंह उज्जवल–समन्वयक
2. श्री आर.एल. नौगिया पुस्तकालयाध्यक्ष–सदस्य
3. डॉ. राजकुमारी रामदेव,–सदस्य
4. डॉ. हरिशचन्द्र–सदस्य
5. श्री मनीष अखावत सदस्य
6. श्रीमती कृष्णा देवल–सदस्य
7. श्री रविन्द्र कुमार–सदस्य
8. सुश्री कविता परिहार विद्यार्थी–सदस्य
9. श्री उकाराम परिहार–एल्यू सदस्य

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय,
जालोर

[3]

# IQAC - Meeting [Session 2018-19]

19/02/2019

IQAC की एक आवश्यक बैठक आज दिनांक को दोपहर 1:30 बजे स्टॉफ रूम में प्राचार्य डॉ. एम.एल. जांगिड़ की अध्यक्षता में प्रारम्भ हुई। बैठक में IQAC के निम्न सदस्य उपस्थित थे -

(1.) डॉ. एम. एल जांगिड, प्राचार्य
(2.) श्री अर्जुन सिंह उज्ज्वल, समन्वयक
(3.) श्री आर.एल. मोगिया (पुस्तकालयाध्यक्ष) सदस्य
(4.) डॉ. राजकुमारी रामदेव (सदस्य) राजकुमारी
(5.) डॉ. हरिशचन्द्र (सदस्य)
(6.) श्री मनीष अखावत (सदस्य) मनीष
(7.) श्रीमती कृष्णा देवल (सदस्या)
(8.) श्री रविन्द्र कुमार (सदस्य)
(9) सुश्री कविता (सदस्या) Kavita
(10) श्री उकाराम (एल्यू. ) UR

सर्वप्रथम बैठक में पूर्व में लिये गये निर्णयों की प्रगति पर चर्चा की गई। तदुपरान्त आगामी महीनों में किये जाने वाले कार्यों के लिए विचार विमर्श किया गया।

1. प्रसन्नता का विषय है कि पुस्तकालय के Automation का कार्य पूर्ण हो चुका है। पुस्तकालय की लगभग 40,हजार पुस्तकों की Bar coding एवं feeding का कार्य भी सम्पन्न हो चुका है पुस्तकालय अब पूर्णतः विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों को Digital Method से पुस्तके Issue करने हेतु तैयार है।

2. पिछली बैठकों में लिए गये निर्णयों के अनुरूप E-class Room भी अब पूर्णतः उपयोग हेतु तैयार है, इसमें High speed internet connection के साथ

P.T.O.

Thanks for your trust in "SARVOTTAM"

पर्याप्त मात्रा में Chairs, LED Lights, पर्दे आदि से इसे सुसज्जित किया गया है। आयुक्तालय द्वारा आयोजित Video Conferences के अतिरिक्त इसका उपयोग विद्यार्थियों के लिए e-content video एवं PPT आदि के लिए किया जा सकेगा।

3. महाविद्यालय परिसर में पीने के पानी की अतिरिक्त व्यवस्था हेतु प्याऊ के निर्माण के लिए भामाशाह श्री ----- ने अपनी सहमति दी थी इन्होंने लगभग ----रुपये की लागत से एक बहुउपयोगी प्याऊ का निर्माण कर दिया है। महाविद्यालय के मुख्य द्वार क्रमांक 02 के निकट बनी इस प्याऊ का उपयोग छात्रों के साथ-साथ राहगीर भी कर सकेंगे। इसमें समस्त अनिवार्य (वाटर कूलर। R.O आदि) सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं। यह प्याऊ उपयोग में आना प्रारम्भ हो गई है।

4. CCTV के कुछ अतिरिक्त पाइन्ट व Self Finance classes के सम्बन्ध में कार्यवाही होना अभी शेष है। महाविद्यालय की छत की मरम्मत का कार्य पूर्ण हो गया है। Botanical Garden की चार-दीवारी में आने वाली बड़ी लागत को देखते हुए इस कार्य को स्थानीय जनप्रतिनिधि कोष अथवा भामाशाह के माध्यम से करवाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं। खेल मैदान में Racing Track में होने वाले व्यय के सम्बन्ध में जानकारी प्राप्त कर ली गई है। शीघ्र ही यह कार्य प्रारम्भ हो जाएगा।

5. नव निर्मित भौतिकशास्त्र प्रयोगशाला अब विद्यार्थियों के उपयोगार्थ उपलब्ध है।

Thanks for your trust in "SARVOTTAM" P.T.O.

6. जो कार्य अभी तक नहीं हो सके है उनमें आने वाली बाधाओं का दूर कर उन्हें पूर्ण करवाने के प्रयास करने का निर्णय बैठक में लिया गया।

7. Faculty Improvement की दृष्टि से महाविद्यालय संकाय सदस्यों को Minor/Major Research projects तैयार करने, Research Papers लिखने एवं Conferences में भाग लेने के साथ-साथ महाविद्यालय में Conferences आयोजित करने के प्रयास करने हेतु कहा गया। इसी क्रम में महाविद्यालय में एक द्विदिवसीय Orientation Programme भी आयोजित किये जाने चाहिये।

8. सहशैक्षणिक गतिविधियों में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने की दृष्टि से NCC/NSS/स्काउट/युवा विकास केन्द्र/महिला प्रकोष्ठ को आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करने की योजना बनाने सम्बन्धी चर्चा की गई। "एक भारत श्रेष्ठ भारत" योजना के अन्तर्गत आयोजित किये जाने वाले कार्यक्रम पूर्ण महाविद्यालय के छात्रों की सहभागिता से सुनिश्चित किये जावे।

9. एल्यूमिनी एसोसियेशन का गठन कर उसकी बैठक का आयोजन एवं उनके पंजीयन हेतु प्रयास किये जाने का निर्णय लिया गया।

10. गरीब छात्रों (चाहे वे महाविद्यालय के नियमित छात्र है या नहीं) के लिए राज्य सरकार के आदेशानुसार महाविद्यालय में प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम प्रारम्भ कर विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की व्यवस्था शुरु की गई। इसमें उन छात्रों को भी सुविधाएं उपलब्ध होने लगी जो दूर-दराज व ग्रामीण

Thanks for your trust in "SARVOTTAM"

आँचल से जुड़े हुए हैं तथा बड़े शहरों में जाकर महंगी कोचिंग सुविधा प्राप्त करने में असमर्थ हैं उनको महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा तथा बाहरी विषय विशेषज्ञों द्वारा कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। प्रतियोगिता दक्षता कार्यक्रम के अन्तर्गत भामाशाहों के सहयोग से सामान्यज्ञान व General English की पुस्तकों का वितरण छात्रों के बीच निःशुल्क किया गया।

11. महाविद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ अनेक सहशैक्षणिक गतिविधियां NCC/NSS/स्काउट के तहत आयोजित की गई। इसके अतिरिक्त खेलकूद कार्यक्रमों का संकाय स्तर पर तथा अन्तर संकाय प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अन्तर्गत गायन, वादन, नृत्य, वाद विवाद, एकाभिनय ~~आदि~~ मेंहदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि आयोजित की गई जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय के छात्रों द्वारा अनेक समाजोपयोगी कार्यक्रम व रैलिया आयोजित की जिसमें मतदान जागरूकता, रक्तदान, स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान आदि प्रमुख हैं।

उपर्युक्त विषयों पर विचार विमर्श के पश्चात मीटिंग समाप्ति की घोषणा की।